# रोमांचक हुआ फाइनल मुकाबला, आईएमएफ हितांश ने जीता सनातन कप का खिताब

## श्री सांवरा कंस्ट्रशन टीम बनी उपविजेता, विधायक भीमावद ने विजेता व उप विजेता टीम को सौंपी पुरस्कार राशि व ट्रॉफी

**शाजापुर, 1 फरवरी. तीन दिनों से चल रही सनातन प्रीमियम लीग का खिताब आईएमएफ हितांश ने जीत लिया है वहीं श्री सांवरा कंस्ट्रशन टीम उप विजेता रही. लगातार तीन दिनों से एक दर्जन टीमों के बीच हुए रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे. प्रीमियम लीग के दौरान सभी मैचों में चौको और छक्कों की बारिश सी होती रही. बेहतरीन गेंदबाजी से विकेटों का भी पतन हुआ. इस तरह पूरी लीग के सभी मैच काफी रोमांचक रहे.**

रविवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरूण भीमावद रहे. वहीं विशेष अतिथि में नगर मंडल अध्यक्ष आशीष नागर, शुजालपुर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, योगेश शिवहरे, पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर, बालकृष्ण यादव, रामजी बढिया वर्धमान हास्पिटल, अतुल पालीवाल रहे. विधायक भीमावद ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार राशि दी. संचालन एसपीएल के आयोजक राजू पाटीदार ने किया व आभार सनातन प्रीमियम लीग के आयोजक मंडल महामंत्री विकास सिंदल ने माना.



### इस तरह हुआ फाइनल मुकाबला

रविवार की शाम को हुए फायनल मुकाबले में पहले टास जीतकर आईएमएफ हितांश ने बल्लेबाजी का फैसला लिया. जिसमें निर्धारित 7 ओवरों में 82 रन बनाए, इसके बाद श्री सांवरा कंस्ट्रशन टीम को 7 ओवरों में कुल 83 रन बनाने थे, लेकिन श्री सांवरा कंस्ट्रशन टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 81 रन बना सकी. इस तरह आईएमएफ हितांश की टीम विजेता बनी. विधायक भीमावद ने विजेता टीम के कप्तान आनर सचिन गवली, लखन राजौरिया को 31 हजार रूपये तथा ट्राफी तथा उप विजेता टीम के कप्तान हर्ष शर्मा व आनर सांवरिया कंस्ट्रक्शन गोविंद शर्मा को 15 हजार रूपये व ट्राफी भेंट की, आभार विकास सिंदल ने माना.

### मीणा रहे मैन ऑफ द सीरिज

सनातन क्रिकेट लीग के मैन आफ द सीरिज का खिताब नमन मीणा को मिला, उन्होंने पूरी सीरिज में शानदार बल्लेबाजी व बॉलिंग की. उन्हें पुरस्कार राशि व ट्राफी अतिथियों ने सौंपी. वहीं फायनल मैच में मैन आफ द मैच विवेक दुबे पोलार्ड बने. संचालन एसपीएल आनर राजू पाटीदार ने किया व आभार नगर मंडल महामंत्री विकास सिंदल ने माना.

### सेमीफाइनल मैच, दो सुपर ओवर के बाद निकला परिणाम

भाजपा मंडल महामंत्री विकास सिंदल द्वारा आयोजित सनातन प्रीमियम लीग में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, रविवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए. पहले सेमी फायनल मुकाबले में आईएमएफ हितांश ने ध्रुव इलेवन को हराकर फायनल में जगह बना ली, वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मोनू गवली 11 व श्री सांवरा कंस्ट्रशन टीम के बीच हुआ. यह मुकाबला टाय रहा. इसके बाद सुपर ओवर कराना पड़ा. यह सुपर ओवर भी टाय हो गया. इसके बाद एक बार फिर से सुपर ओवर खेला गया. जिसमें श्री सांवरा कंसट्रक्शन की टीम ने मैच जीता और फायनल में अपनी जगह बना ली.

## एक नजर में

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**सोयतकलां, 1 फरवरी.** सोयतकलां थाने में पदस्थ उप निरीक्षक कोमलराम धाकड़ के पुलिस सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर पंचमुखी बालाजी मंदिर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया. विदाई समारोह में सुसनेर एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा, कृषि उपज मंडी सचिव दयाराम भारती सहित अन्य पदाधिकारी ने उप निरीक्षक कोमल राम धाकड़ के कार्यकाल की सराहना कर फूलमाला, साफा, श्रीफल भेंटकर कर भावभीनी विदाई दी. इस दौरान सेवानिवृत्त कोमल राम धाकड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस को आमजन का सहयोग जब प्राप्त होगा जब पुलिस की जनता से मिलन सारी होगी. विदाई समारोह में बड़ी सख्या मे आमजन शामिल हुए.

### कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भूमिका में नहीं



**शाजापुर, 1 फरवरी.** पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह अपनी सामाजिक समरसता यात्रा के तहत शाजापुर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी फिलहाल मजबूत विपक्ष की भूमिका नहीं निभा पा रही है. उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताते हुए लोगों के बीच पहुंचने की बात कही. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उनकी यह यात्रा गुना, अशोकनगर और राजगढ़ जिले की सभी विधानसभाओं को कवर करने के बाद शाजापुर जिले में पहुंची है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं है. इसके माध्यम से वे बिना किसी तामझाम के हाट बाजारों, गांवों और छोटे समूहों के बीच जाकर लोगों से सीधे संवाद कर रहे हैं. हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश और प्रदेश में एक मजबूत विपक्ष का होना बहुत जरूरी है. पार्टियों में गुटबाजी से जुड़े सवाल पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां ऊपर से चलती है, जिसके कारण गुटबाजी बनी रहती है. इंदौर में दूषित पानी की घटना पर उन्होंने अधिकारियों की लापरवाही और नेताओं के अहंकार को जिम्मेदार ठहराया.

# वृद्धजनों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित



**नलखेड़ा, 1 फरवरी. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वृद्धजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन कार्यक्रम का आयोजन मांगलिक भवन ब्रह्माकुमारी आश्रम नलखेड़ा में किया गया.**

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी आश्रम आगर से पधारी किरण दीदी ने वृद्धजनों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया एवं इसके मानसिक, शारीरिक तथा आत्मिक लाभों की जानकारी दी. इसके पश्चात इकलेरा से पधारी बीकेशकुन दीदी द्वारा वृद्धजनों को उपयोगी शारीरिक गतिविधियां कराई गई. नलखेड़ा सेवा केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने सभी वृद्धजनों को श्रीफल, माला एवं शाल पहनाकर सम्मानित किया तथा सेवा केंद्र पर नियमित राजयोग ध्यान हेतु आमंत्रित किया. कार्यक्रम के दौरान श्री गणेश जी जायसवाल ने ब्रह्माकुमारी आश्रम का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया. वहीं श्रीमती लता तिवारी ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए संस्था से जुड़ने से प्राप्त लाभों एवं जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन रुक्मणी दीदी द्वारा किया गया. आयोजन में मप्र जन अभियान परिषद् द्वारा गठित सेक्टर क्रमांक 1 की नगर विकास प्रस्फुटन समिति नलखेड़ा के अध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा एवं प्रकाशचंद शर्मा ब्लाक समन्वयक का सराहनीय सहयोग रहा.

## आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किए माता रानी के दर्शन

**नलखेड़ा, 1 फरवरी.** आदिवासी कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया शनिवार शाम 4 बजे नलखेड़ा विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे. जहां पूजा अर्चना कर हवन किया गया. जिसके पश्चात् आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विंक्रात भूरिया का मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी मनोहर लाल भिलाला द्वारा चुनरी ओढ़कर स्वागत किया गया. वहीं नलखेड़ा भिलाला समाज युवाओं के द्वारा विक्रांत भूरिया का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया एवं आने वाली 8 फरवरी को माता शबरी जन्मोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण पत्र दिया. इस अवसर पर भिलाला समाज द्वारा सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई. भिलाला समाज से मनोहर भिलाला, संजय बडेरा, गोविन्द भिलाला, दिनेश अस्तावत, अर्जुन भिलाला, महेश भिलाला, कमलेश भिलाला पचेटी, महेश भिलाला, गोविन्द भिलाला, राहुल भिलाला, धर्मेद भिलाला, माखन भिलाला उपस्थित थे.

# सुईगांव में मनाया जल अर्पण दिवस

**नलखेड़ा, 1 फरवरी. जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुईगांव में जल अर्पण दिवस गर्व का पर्व हर पल नल जल कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच ललिता बाई सिंगल एवं अन्य लोगों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया.**

कार्यक्रम में अतिथि सरपंच ललिता बाई का स्वागत ग्राम पंचायत के सचिव महेश शर्मा एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया. जल अर्पण दिवस के तहत गांव में ढोल-ढमाकों के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. कलश यात्रा गांव में होती हुई पानी की टंकी के पास पहुंची. जहां पानी की टंकी की पूजा-अर्चना की गई. उसके पश्चात जल संकल्प शपथ ली गई, जिसमें नल जल योजना का उचित क्रियान्वयन एवं संचालन करना, पेयजल स्त्रोत ट्यूबवेल संपवेल नल आदि का रखरखाव, पेयजल को सुरक्षित रखने एवं पेयजल स्त्रोतों को साफस्वच्छ बनाए रखने हेतु ग्रामीण जनों द्वारा संकल्प लिया गया. वहीं स्कूल के विद्यार्थियों एवं ग्रामीण महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जल अर्पण रैली निकाली गई, जिसमें जल के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया.

### रंगोली से बनाया गांव का नक्शा

जल अर्पण दिवस के अवसर पर गांव में रंगोली के माध्यम से ग्राम का नक्शा बनाया गया. ग्रामीण महिलाओं को एफटीके के माध्यम से पानी की जांच करना सिखाया गया एवं प्रदूषण जल से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया. कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत के सचिव महेश शर्मा ने किया. आभार पीएचई विभाग की धापू दांगी ने माना.

## प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शाजापुर बनी उपविजेता

**शाजापुर, 1 फरवरी.** नागर ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शाजापुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए उपविजेता रही. यहां के खिलाड़ियों ने अंतिम गेंद तक चले मुकाबले में प्रतिद्वंदियों को आखरी समय तक दबाव में रखा, अंत में नजदीकी मुकाबला हार गए. शाजापुर की टीम के योग्य नागर ने अपनी बल्लेबाजी व गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया. लेकिन वे अपने हरफनमौला प्रदर्शन से टीम को जीत नहीं दिला सके, हालांकि उनके प्रदर्शन को समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने खूब सराहा. सभी ने उनका भविष्य उज्वल बताया और मंच से सम्मानित भी किया.

# बालाजी के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब

## अंजनीलाल मंदिर के जीर्णोद्धार व कलश स्थापना के अवसर पर हुआ भव्य आयोजन

**शाजापुर, 1 फरवरी. पुलिस लाईन स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा. अवसर था पवनपुत्र बजरंगबली के मंदिर के जीर्णोद्धार और कलश स्थापना का. यहां विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली. परिसर मंत्रोच्चार से गूंज उठा. बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन व भोजन प्रसादी गृहण करने पहुंचे.**



रविवार को अल सुबह से ही प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता सा लग गया. यहां पर पुरोहितों द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कराया गया. हवन यज्ञ में जोडों ने आहुतियां डाली. इस दौरान परिसर में कलश यात्रा भी निकाली गई. इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ. इसके बाद भोजन भंडारे का आयोजन किया गया. जिसमें पुलिस लाईन स्थित परिवारों के साथ साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए.



# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव व विदाई समारोह आयोजित

**नलखेड़ा, 1 फरवरी. स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय में वर्ष भर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश त्रिवेदी एवं विशेष अतिथि अमेरिका में आर्मी में साइबर सिक्योरिटी विभाग में असिस्टेंट लेफ्टिनेंट ग्राम धरोला निवासी नवीन पाटीदार थे.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर जगदीश कुलमी ने की. सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. उसके बाद अतिथियों का स्वागत उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश बंसिया एवं अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया. कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य ओमप्रकाश बंसिया द्वारा दिया गया. कार्यक्रम में शैक्षणिक वर्ष में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देखकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित करते हुए 12वीं के छात्रों को विदाई देते हुए परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर देश सेवा करने का आह्वान किया गया.

### पिछले सत्र में सेवानिवृत शिक्षकों का भी किया सम्मान

कार्यक्रम में संकुल अंतर्गत पिछले सत्र में जो शिक्षक सेवानिवृत हुए थे उनमें शिवनारायण गुर्जर, मधुबाला पालीवाल, निर्भयसिंह यादव एवं भंवरलाल मेघवाल का भी शाल एवं श्रीफल से स्वागत कर सम्मान किया गया.

### 11वीं के विद्यार्थियों ने 12वीं के छात्रों को दी विदाई

विदाई समारोह में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा उज्जवल भविष्य के साथ 12वीं के छात्रों को विदाई दी गई. छात्रों द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक महेश पाटीदार, कृष्णा कुशवाह, रजक मंसूरी, अता अली, भूपेंद्र सिसोदिया, सोनू शर्मा, कामना जाधव, कैलाश विट्ठल, श्रीमती शानू, घनश्याम पाटीदार सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन उषा शर्मा एवं श्याम पाटीदार द्वारा किया गया एवं आभार शिक्षक अजय सोगानी द्वारा व्यक्त किया गया.

## एक नजर में — गिरवर मंडल शाजापुर में हुआ आयोजन

# विराट हिंदू सम्मेलन : एक पंगत, एक संगत का दिया सशक्त संदेश




**शाजापुर, 1 फरवरी. श्री गिरवर हनुमान मंदिर हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में गिरवर मंडल शाजापुर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. सम्मेलन में नगर एवं ग्रामीण अंचलों से विभिन्न समाजों के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्र चेतना का परिचय दिया. आयोजन का मूल उद्देश्य समाज को एक पंगत, एक संगत के सूत्र में बांधना रहा.**



कार्यक्रम का शुभारंभ तक्षशिला एकेडमी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ. बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया. इसके पश्चात एक बालिका द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत पर प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहा. सम्मेलन में संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही. संत समाज से श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज, साध्वी हेमलता दीदी सरकार, गिरवर हनुमान मंदिर के महंत श्री महेंद्र भागवत दास जी विशेष रूप से मंचासीन रहे. मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री राजेश जाधम ने ओजस्वी संबोधन दिया.

### पंच परिवर्तन पर दिया विशेष बल...

मुख्य वक्ता राजेश जाधम ने समाज और राष्ट्र के उत्थान हेतु पांच परिवर्तन परिवार, समाज, पर्यावरण और राष्ट्र पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं से परिवर्तन की शुरुआत करता है तभी समग्र समाज और राष्ट्र का विकास संभव है. कार्यक्रम का संचालन अर्जुन मंडलोई द्वारा किया गया. अतिथियों का परिचय राजपाल राजपूत ने कराया. कार्यक्रम के अंत में समिति के संयोजक धीरप सिंह हांडा ने आभार व्यक्त करते हुए सभी संतों, अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय का धन्यवाद किया. सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति और समरसता के भाव के साथ सहभागिता की. आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश दिया.

### संत समाज का प्रेरक उद्बोधन

साध्वी हेमलता दीदी सरकार ने कहा कि संत, संघ और सनातन, तीनों के समन्वय से ही समाज में वास्तविक समरसता स्थापित की जा सकती है. जब समाज अपने संस्कारों से जुड़ता है तभी राष्ट्र सशक्त बनता है. उन्होंने सामाजिक एकता, संस्कार और राष्ट्रप्रेम को जीवन में उतारने का आह्वान किया. महामंडलेश्वर कृष्ण दास जी महाराज ने धर्म, संस्कृति और सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता में निहित है. सनातन परंपरा की रक्षा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया.

## देश की सुरक्षा करेगा सहज का प्रद्युम्न

**शाजापुर, 1 फरवरी.** दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल के एक और छात्र ने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है, जिसने अपनी मेहनत और शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन से अपने सपनों को साकार करने में सफलता हासिल की है. प्रद्युम्न पटेल का चयन एयरफोर्स के लिए हुआ है. प्रद्युम्न का बचपन से ही देश की सेवा करने का सपना था. अपनी यह मंशा प्रद्युम्न ने अपने प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन को बताई, जिन्होंने उसे सही मार्गदर्शन दिया और इसके लिए की जाने वाली तैयारियों व परीक्षा के बारे में बताया. यही नहीं उन्होंने विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से भी प्रद्युम्न को सही राह दिखाई. इसके बाद बारी थी कड़ी मेहनत की, जिससे प्रद्युम्न ने कभी मुंह नहीं मोड़ा. नतीजा यह हुआ कि प्रद्युम्न का चयन इंडियन एयरफोर्स में कारपोरल पद पर हुआ है, जिसे दिल्ली में अपने देश की सेवा करने का मौका मिला. इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन, संचालिका आशा जैन सहित विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रद्युम्न के उज्वल भविष्य की कामना की है.